# पटना के मरीन ड्राइव की तर्ज पर बागमती के तट को किया जाएगा विकसित

## चर्चा में क्यों?

1 जुलाई, 2023 को बिहार के जल संसाधन व सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री संजय कुमार झा ने बताया कि पटना में गंगा नदी के किनारे बने मरीन ड्राइव की तर्ज पर दरभंगा में भी बागमती नदी के किनारे को विकसित किया जाएगा।

## प्रमुख बिंदु

- संजय कुमार झा ने अधिकारियों से इसके आसपास के इलाकों को हरा-भरा करने की दिशा में पौधे लगाने का निर्देश दिया।
- घाट के आसपास पेड़-पौधे लगाने से लोगों को स्वच्छ वातावरण मिलेगा। प्रदूषण पर भी लगाम लगेगा। घाट को और अधिक समतल किया जाएगा, जिससे लोग आसानी से टहल सकेंगे।
- नदी किनारे मरीन ड्राइव की तरह पाथ-वे बनाया जाएगा। चतरिया गाँव शहरी क्षेत्र है। मरीन ड्राइव की तरह इसे अगर बना दिया जाए तो आसपास के लोगों को टहलने के लिये बेहतर विकल्प मिल जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/bagmati-beach-will-be-developed-on-the-lines-of-marine-drive-in-patna